# ५ रहीम के दोहे

**१ . सही उत्तर पर (✓) निशान लगाए|**

(क) 'तरवारि' किसकी प्रतीक है?

(i) बड़े की ☐ (ii) हिंसा की ☐
(iii) संघर्ष की ☐ (iv) युद्ध की ☐

(ख) 'सुई' किसकी प्रतीक है?

(i) छुटपन की ☐ (ii) अधर्मी का ☐
(iii) नीच लोगों की ☐ (iv) छोटे लोगों की ☐

(ग) सरोवर क्या ग्रहण नहीं करते?

(i) सुगंधित पदार्थ ☐ (ii) हवा ☐
(iii) जल ☐ (iv) पूजा की सामग्री ☐

(घ) मोती के संदर्भ में पानी का क्या अर्थ है?

(i) तालाब ☐ (ii) चमक ☐
(iii) सीपी ☐ (iv) मूल्य ☐

(ङ) 'मानुष' के संदर्भ में पानी का आशय है-

(i) मान-सम्मान ☐ (ii) गुण ☐
(iii) स्वभाव ☐ (iv) भोजन ☐

(च) जीभ किसके भीतर रहती है?

(i) दिमाग के ☐ (ii) पाताल में ☐
(iii) स्वर्ग में ☐ (iv) मुँह के ☐

(छ) सच्चे मित्र को कब परखा जा सकता है?

(i) समारोह में ☐ (ii) सबके समक्ष ☐
(iii) विपत्ति आने पर ☐ (iv) हर पल ☐

(ज) रहीम के दोहे किस भाषा में लिखे गए हैं?

(i) संस्कृत ☐ (ii) अवधी और ब्रज ☐
(iii) उर्दू ☐ (iv) हिंदी ☐

**२ .कविता के आधार पर सही (√) या गलत (x) का निशान लगाए।**

(क) सुई तलवार से ज्यादा काम की होती है।

(ख) प्रेम का बंधन बहुत नाजुक होता है।

(ग) पानी के बिना जीवन चल सकता हैं।

(घ) विनम्रता से सबका दिल जीता जा सकता है।

(ङ) जीवन में संकट आना स्वाभाविक है, लेकिन हमें इससे डरना नहीं चाहिए।

(च) रहीम जी का कहना है कि धन ही सब कुछ है।

**३ .रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) रहिमन धागा ___________________________________

_______________________________________ जाय ॥

(ख) ररहिमन पानी __________________________________

_______________________________________ चून ॥

(ग) रहिमन बिपदाहू _________________________________

_______________________________________ कोय ॥

(घ) कहि रहीम ___________________________________

_______________________________________ मीत ॥

**४ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

(क) रहीमदास ने बड़े को देखकर छोटे को न छोड़ने के लिए क्यों कहा है?

उत्तर . ___________________________________________________________________________

_______________________________________________________________________________

(ख) वृक्ष और सरोवर की विशेषता क्या होती है?

उत्तर . ___________________________________________________________________________

_______________________________________________________________________________

(ग) सज्जन पुरुषों को संपत्ति का संग्रह किसलिए करना चाहिए?

उत्तर . ___________________________________________________________________________

_______________________________________________________________________________

Free worksheets, Learning material, Practice tests & more at www.onepointlearning.com

(घ) रहीम ने कैसी विपत्ति को सही कहा है?

उत्तर . ________________________________________________________________

____________________________________________________________________

(ङ) जीभ को 'बावरी' क्यों कहा है?

उत्तर . ________________________________________________________________

____________________________________________________________________

(च) कई बार दिमाग को पछताना क्यों पड़ता है?

उत्तर . ________________________________________________________________

____________________________________________________________________

(छ) संपत्ति आने पर क्या होता है?

उत्तर . ________________________________________________________________

____________________________________________________________________

**५ . नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) बड़े | x | ____________ | (ख) हित | x | ____________ |
| (ग) प्रेम | x | ____________ | (घ) भला | x | ____________ |
| (ङ) दिन | x | ____________ | (च) भीतर | x | ____________ |

**६. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) तलवारि | = | ____________ | (ख) तरुवल | = | ____________ |
| (ग) जिह्वा | = | ____________ | (घ) संपति | = | ____________ |
| (ङ) कसौटी | = | ____________ | (च) साँचे | = | ____________ |

**७. नीचे दिए गए शब्दों के समानलय वाले शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) डारी | = | ____________ | (ख) पान | = | ____________ |
| (ग) जाय | = | ____________ | (घ) चुन | = | ____________ |
| (ङ) पताल | = | ____________ | (च) मीत | = | ____________ |

**८ . नीचे लिखे गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तरलिखिए।**

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है?

उत्तर: ____________________________________________________________________________

(ख) व्यक्ति के बस में क्या नहीं है?

उत्तर: ____________________________________________________________________________

(ग) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य क्या है?

उत्तर: ____________________________________________________________________________

(घ) किस प्रकार के विद्यार्थी पछताते हैं?

उत्तर: ____________________________________________________________________________

(ङ) मनुष्य का क्या कर्तव्य है?

उत्तर: ____________________________________________________________________________

**९ . अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

(क) जो दूसरों से ईर्ष्या रखता हो = ____________________

(ख) दूसरों का भला करने वाला = ____________________

(ग) रहीम का पूरा नाम = ____________________

(घ) प्रेम के धागे को कैसा बताया गया है? = ____________________

(ङ) किसी वस्तु को जाँचने-परखने का मानदंड = ____________________

Free worksheets, Learning material, Practice tests & more at www.onepointlearning.com

**Answer**

१.

(क) बड़े की (ख) छोटे लोगों की (ग) जल (घ) चमक (ङ) मान-सम्मान
(च) मुँह के (छ) विपत्ति आने पर (ज) अवधी और ब्रज

२ .

(क) x (ख) √ (ग) x (घ) √ (ङ) √ (च) X

३.

(क) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय ।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय ॥

(ख) रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून ।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ॥

(ग) रहिमन बिपदाहू भली, जो थोरे दिन होय ।
हित अनहित या जगत में, जानि परत सब कोय ॥

(घ) कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत ।
बिपति कसौटी जे कसे, ते ही साँचे मीत ॥

४ .

(क) रहीमदास जी ने यह कहा है कि हर व्यक्ति का अपना महत्व होता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा। बड़े लोगों के पास अनुभव और ज्ञान होता है, वहीं छोटे लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह होता है। इसलिए हमें किसी को भी उनके आकार या पद के आधार पर कम नहीं आंकना चाहिए।

(ख) रहीमदास जी ने वृक्ष और सरोवर का उदाहरण देकर बताया है कि ये दोनों ही दूसरों को बिना कुछ लिए देते रहते हैं। वृक्ष फल देते हैं, छाया देते हैं और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उसी तरह सरोवर भी सभी को पानी प्रदान करता है। इसी तरह, हमें भी दूसरों के लिए कुछ करने की भावना रखनी चाहिए।

(ग) सज्जन पुरुषों को संपत्ति का संग्रह इसलिए करना चाहिए ताकि वे जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकें।

(घ) रहीमदास जी ने थोड़े समय के लिए होने वाली विपत्ति को सही माना है। उनका कहना है कि थोड़ी सी मुश्किलें तो जीवन में आती रहती हैं, लेकिन इनसे हमें डरना नहीं चाहिए। ये मुश्किलें हमें मजबूत बनाती हैं और हमें जीवन के सच्चे अर्थ को समझने में मदद करती हैं।

(ङ) रहीमदास जी ने जीभ को 'बावरी' इसलिए कहा है क्योंकि जीभ अक्सर अनजाने में ऐसे शब्द बोल देती है जिससे दूसरों को दुख पहुंचता है और बाद में पछतावा होता है। जीभ को काबू में रखना बहुत जरूरी है।

(छ) रहीमदास जी का मानना था कि संपत्ति आने पर असली मित्र और रिश्तेदार ही पता चलते हैं।

५ .

(क) छोटे (ख) अहित (ग) घृणा (घ) बुरा (ङ) रात (च) बाहर

६ .

(क) तलवार (ख) पेड़ (ग) जीभ (घ) धन (ङ) परीक्षा (च) सच्चा

७ .

(क) तलवारि (ख) सुजान (ग) छिटकाय (घ) सून (ङ) कपाल (च) रीत

८.

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है।
(ख) व्यक्ति के बस में समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना नहीं है।
(ग) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना है।
(घ) जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं।
(ङ) मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

९.

(क) ईर्ष्यालु (ख) परोपकारी (ग) अब्दुर्रहीम खानखाना (घ) कोमल (ङ) कसौटी